# 2021

( Held in 2022 )

# HINDI

Paper : HIN–HE–5036

( पूर्वोत्तर भारत में हिन्दी भाषा और साहित्य )

( Honours Elective )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी के प्रतिष्ठापक अध्यक्ष कौन थे?

(ख) द्विभाषी 'राष्ट्रसेवक' पत्रिका का प्रकाशन किस ईस्वी से प्रारंभ हुआ था?

(ग) असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी द्वारा आयोजित की जाने वाली किसी एक परीक्षा का नामोल्लेख कीजिए।

(घ) असम का कौन-सा हिन्दी-प्रेमी सन् 1955 के जून महीने में आइज़ोल, मिज़ोरम में हिन्दी-प्रचारक नियुक्त हुआ था?

(ङ) गुवाहाटी से प्रकाशित होने वाले 'दैनिक पूर्वोदय' नामक हिन्दी अख़बार के सम्पादक कौन हैं?

(च) केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय का मुख्य कार्यालय कहाँ पर स्थित है?

(छ) 'राह और रोड़े' नामक उपन्यास के रचयिता छगनलाल जैन का निधन किस ईस्वी में हुआ था?

(ज) "इसके बाद तो मैं भी सदा आपके साथ रहूँगी।" यह किसका कथन है?

(झ) 'हीली-बोन् की बत्तखें' नामक कहानी का घटना-स्थल भारत के किस प्रांत से संबंधित है?

(ञ) 'भिण्डी के फूल' किस विधा की रचना है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) मणिपुर हिन्दी प्रचार सभा, इम्फाल की स्थापना किस दिनांक और किस ईस्वी में हुई थी?

(ख) 'असम पॉलिटेक्निक इंस्टिट्यूशन' की स्थापना किस हिन्दी-प्रेमी व्यक्ति ने कहाँ पर की थी?

(ग) 'राह और रोड़े' नामक उपन्यास की रचना कब हुई थी? इस कृति में कुल कितने परिच्छेद हैं?

(घ) "आखिर वह था कौन? आपने उसे पहचाना नहीं?" किसने, किससे ऐसे प्रश्न किए थे?

(ङ) सत्सुओ अंगामी का परिचय प्रस्तुत कीजिए।





**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) त्रिपुरा में हिन्दी के प्रचार-प्रसार की सामान्य जानकारी प्रस्तुत कीजिए।

(ख) 'मेघालय दर्पण' नामक पत्रिका पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ग) रामधनी का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(घ) 'हीली-बोन् की बत्तखें' कहानी के जरिए कहानीकार ने क्या कहना चाहा है?

(ङ) पठित उपन्यास के आधार पर कमलदेव नारायण का परिचय दीजिए।

(च) 'भिण्डी के फूल' नामक रचना का संदेश क्या है?

**4.** सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

इसके विपरीत यदि धनवान लोग एक विशुद्ध गाँधीवादी की तरह अपने को गरीबों का 'ट्रस्टी' मान कर धन का सदुपयोग करें, तो उन्हें सुख ही सुख मिल सकता है। सुख अंतर की चीज़ है जो बाहर से पाया नहीं, हृदय से अनुभव किया जाता है।

**अथवा**

तुम आँखों की भूख बुझाती हो, मैं पेट की। मैं पेट में न रहूँ, पेट खाली हो तो तुम्हारी ओर कोई देखे भी नहीं। इतना इतराती क्यों हो?

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) असम में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के स्वतंत्रता-पूर्व इतिहास पर प्रकाश डालिए।

(ख) असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी की प्रमुख गतिविधियों का खुलासा कीजिए।

(ग) अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा में हिन्दी के प्रचार-प्रसार की सामान्य जानकारी प्रस्तुत कीजिए।

(घ) 'राह और रोड़े' उपन्यास में किस राह और किन रोड़ों की बातें की गयी हैं? सटीक उत्तर दीजिए।

(ङ) रामनाथ भराली की चारित्रिक विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए।

(च) 'हीली-बोन् की बत्तखें' कहानी की कथावस्तु की समीक्षा कीजिए।

★★★